
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

14 जुलाई 2025

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

शक्ति शारीरिक क्षमता से नहीं आती । यह

अदम्य इच्छाशक्ति से आती है ।

महात्मा गांधी



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# शार्क जागरूकता दिवस 14 जुलाई



प्रतिवर्ष 14 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय शार्क जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र में शार्क की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। शार्क समुद्र और महासागर को स्वस्थ और उत्पादक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर रोशनी डालने के लिए हर साल 14 जुलाई को शार्क जागरुकता दिवस मनाया जाता है। शार्क खतरनाक जानवर जरूर हैं । कई खतरों ने उनको कमजोर कमजोर प्रजाति बना दिया है। ये खास दिन जोर देता है कि शार्क को भी सुरक्षा की जरूरत है। जैव विविधता के लिए शार्क का संरक्षण जरूरी है ।शार्क दुनिया भर के समुद्र में घूमती हैं। कुछ शार्क की जिंदगी औसतन 30 साल होती है,और कुछ प्रजातियां 100 साल से ज्यादा जीवित रहती हैं। हाल ही में, 272 वर्षीय ग्रीनलैंड शार्क को खोजा गया था। उनकी अन्य विशेषता स्पष्ट तौर पर नुकीले-धारदार दांत होते हैं। इस अद्भु प्राणी की दूसरी विशेषता उसका विद्युत संवेदनशीलता होना है। धरती पर शार्क सबसे पुरानी प्रजातियों में से एक समझी जाती है।

# जन्मदिन विशेष 14 जुलाई

## HAPPY BIRTHDAY

# शिव नाडर

टेक्नोलॉजी क्षेत्र के दिग्गज और देश के बड़े उद्योगपति शिव नाडर ने HCL खोलने का प्लान कैंटीन में बनाया था



शिव नादर (जन्म **14** जुलाई **1945**) एक भारतीय अरबपति व्यवसायी और परोपकारी व्यक्ति हैं। वे एचसीएल टेक्नोलॉजीज़ के संस्थापक और अध्यक्ष हैं, और शिव नादर फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। नादर ने **1976** में एचसीएल की स्थापना की और अगले तीन दशकों में इस आईटी हार्डवेयर कंपनी को एक आईटी उद्यम में बदल दिया।

TOB खेल कॉर्नर

# FIFA फुटबॉल रैंकिंग

| रैंक | टीम | कुल अंक | पिछले अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | अर्जेंटीना | 1885.36 | 1886.16 |
| 2 | स्पेन | 1867.09 | 1854.64 |
| 3 | फ्रांस | 1862.03 | 1852.71 |
| 4 | इंग्लैंड | 1813.32 | 1819.2 |
| 5 | ब्राजील | 1777.69 | 1776.03 |
| 6 ▲1 | पुर्तगाल | 1770.53 | 1750.08 |
| 7 ▲1 | नीदरलैंड | 1758.18 | 1752.44 |
| 8 ▼1 | बेल्जियम | 1736.38 | 1735.75 |
| 9 ▼1 | जर्मनी | 1716.98 | 1716.98 |
| 10 ▼1 | क्रोएशिया | 1707.51 | 1698.66 |

*नोट- ▲ का मतलब रैंकिंग में सुधार, ▼ का मतलब रैंकिंग में गिरावट*

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **14.07.2025**

## खुले अंत वाले प्रश्न

खुले अंत वाले प्रश्न वे प्रश्न होते हैं जिनका उत्तर "हाँ" या "नहीं" में नहीं दिया जा सकता है, बल्कि इनके लिए विस्तृत और व्याख्यात्मक उत्तर की आवश्यकता होती है। ये प्रश्न अक्सर "क्यों", "कैसे", "क्या", या "मुझे बताएं" जैसे शब्दों से शुरू होते हैं और उत्तरदाता को अपनी राय, अनुभव या विचारों को व्यक्त करने की अनुमति देते हैं।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मराठा काल के 12 किलों को यूनेस्को की **वर्ल्ड हेरिटेज साइट** में शामिल किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के 11 किले हैं, वहीं, तमिलनाडु का एक **जिंजी किला** भी सूची का हिस्सा है। सभी किले **17वीं से 19वीं सदी** के बीच बने थे।



राकेश कुमार



पद्य पंकज
“
आंधी आई जोर शोर से,
डाले टूटी है झकोर से,
उडा घोंसला अंडे फूटे,
किसके दुखू की बात कहेगी,
अब ये चिड़िया कहा रहेगी ?
महादेवी वर्मा
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

समाज सुधारक, पत्रकार एवं
मराठी पत्रिका" केशरी" के
प्रथम संपादक

## गोपाल गणेश आगरकर


के जयंती पर सादर नमन।




**14 जुलाई 1856 - 17 जून 1895**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिन्दी गद्य शैली के प्रमुख
विधायक
राजा लक्ष्मण सिंह
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म- 9 अक्टूबर 1826 - मृत्यु- 14 जुलाई 1896
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

# चन्द भानु गुप्त

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 14 जुलाई 1902
मृत्यु– 11 मार्च 1980

www.teachersofbihar.org

Madhu priya